तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4
वित्त मंत्री पहुंचे शहर में चल रहे न मिर्णि कार्यों का जायजा लेने



## खबर संक्षेप

### रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज रायगढ़ जिले से 112 श्रद्धालुओं का 11 वां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा दल में जिले के शहरी क्षेत्रों से 30 एवं ग्रामीण अंचलों से 82 श्रद्धालु शामिल हैं। सभी यात्रियों की पूर्व तैयारीए स्वास्थ्य परीक्षणए भोजनए आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। यात्रियों को रायगढ़ से बिलासपुर रेलवे स्टेशन ले जाया गयाए जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। यात्रियों के सहयोग के लिए अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ रवाना हुई है। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों को विदाई दी गई और उनके सुरक्षित एवं सफल दर्शन की कामना की गई। तीर्थ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इस योजना से वर्षों से संजोया श्री रामलला दर्शन का सपना अब साकार होने जा रहा है। श्रद्धालुओं ने भावुकता के साथ कहा कि मुख्यमंत्री ने इस पहल ने हमें जीवन का अमूल्य अवसर दिया है, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। एक तीर्थयात्री ने कहा कि बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कहानी सुनते आए हैंए लेकिन अब पहली बार उस धरती पर जाने का सौभाग्य मिल रहा है। बहुत ही अद्भुत अनुभव हैए आंखों में आंसू हैं पर दिल में आनंद है।

### कुसमुरा कॉलेज में पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुसमुरा में ट्रैफिक अवेयरनेस, साइबर क्राइम और कैरियर गाइडेंस पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने शासकीय नवीन महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी दी और उनके पालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नवयुवकों को रेस राइडिंग और वाहन चलाते हुए स्टंट करने से बचना चाहिए क्योंकि यह न केवल जानलेवा है बल्कि यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन भी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे स्टंट और रेसिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करना खतरनाक प्रवृत्ति है, पुलिस ऐसे मामलों की निगरानी कर पहचान के बाद कार्रवाई करती है। साइबर क्राइम विषय पर जानकारी देते हुए डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फिशिंग लिंकए फेक कस्टमर केयर नंबर, ऑनलाइन जॉब ऑफर, फर्जी लोन एप और फ्रॉड जैसे तरीकों से आमजन को ठग रहे हैं।

### नजर नहीं आ रहा तेंदुआ सर्चिंग टीम कर रही तलाश

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत परियोजना मड़वा पावर प्लांट क्षेत्र में तेंदुए की धमक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम लगातार दूसरे दिन भी निगरानी में जुटी रही। उप वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पूरे दिन सर्चिंग ऑपरेशन चलाया और तेंदुए के मूवमेंट के संकेतों की तलाश में आसपास के जंगलों और झाड़ियों में गश्त की। वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों और प्लांट क्षेत्र के कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों को विशेष रूप से रात्रि के समय अनावश्यक बाहर न निकलने और बच्चों एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्लांट क्षेत्र में लगे कैमरा ट्रैप और निगरानी दल की रिपोर्ट से तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि हुई है।

## 10 माह में 6 हाथी शावकों ने इसी तरह गंवाई जान, हादसा रोकने विभाग के पास नहीं कोई उपाय

# पानी में डूबकर मादा शावक की मौत, आधी रात शोक मनाने पहुंचा हाथियों का दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के तहत आने वाले छाल रेंज के औरानारा परिसर में झुंड के साथ तालाब में अटेखलियां करती 7 माह की मादा हाथी शावक अचानक कीचड़ में फंस गई। कीचड़ में इस कदर फंसी की बाहर निकल ही नहीं पाई और पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई। 10 माह में जिले में इस तरह की घटनाओं में 6 हाथी शावकों ने अपनी जान गंवाई है। विभाग और एक्सपर्ट बताते हैं कि ऐसे हादसों को रोकने का कोई उपाय ही नहीं है।

दरअसल औरानारा क्षेत्र में कई दिनों से हाथियों का दल विचरण कर रहा है। मंगलवार की शाम करीब 20 हाथियों का दल औरानारा बीट के कक्ष क्रमांक 517 स्थित सरईमुड़ा तालाब नहाने के लिए पहुंचा था। यह दल काफी देर तक तालाब में पानी का आनंद लेता रहा। इसी बीच एक मादा हाथी अटखेलियां करती पानी के भीतर कीचड़ में फंस गई और बाहर ही नहीं निकल पाई, जिससे कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना को मिलाकर इस साल 10 महीने में 6 शावकों की मौत हो चुकी है।

### बचाने का किया प्रयास पर नहीं बची जान

हाथी शावक को डूबते देख झुंड के बाकी हाथी उसे खींचते हुए तालाब से बाहर किनारे तक लेकर आए और उसे जोर-जोर से हिला-हिला कर भी देखा, लेकिन मादा हाथी की सांसें थम गई थी। इसके बाद हाथी का झुंड वहीं पर चिंघाड़ मारते हुए विलाप करने लगे और कुछ घंटे बाद शावक को छोड़कर जंगल के भीतर चले गए।

### शोक प्रकट करने रात में फिर पहुंचा दल

धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि रात में हाथियों का दल शोक प्रकट करने के लिए फिर उसी जगह पहुंचे थे, जहां शावक के शव को छोड़कर गए थे। इसके बाद दल द्वारा रातभर उसकी निगरानी की गई। सुबह ग्रामीण जब हाथियों की चिंघाड़ सुनकर मौके पर पहुंचे तो वहां एक शावक का शव पड़ा था। इसके बाद मामले की सूचना वन विभाग को दी गई।

तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम

डीएफओ श्री उपाध्याय ने बताया कि जिला लेबल से तीन वेटनरी डॉक्टरों की टीम बनाई गई थी, जोकि बुधवार को मौके पर पहुंची। उनकी निगरानी में हाथी के शव को उठा कर बीट क्वाटर लेकर आए, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका पीएम कर सैंपल लिया गया और फिर उसका अंतिम संस्कार कराया गया।

**केस 1**

इसी साल 1 जनवरी को रायगढ़ वन मंडल अंतर्गत घरघोड़ा रेंज के पानीखेता स्टाप डैम के दलदल में हाथी के बच्चे का दो से तीन दिन पुराना शव मिला था। इस बात की जानकारी विभाग को भी नहीं थी, जंगल गए ग्रामीणों को तेज बदबू से इसकी जानकारी हुई, फिर इसके बाद मामले का खुलासा हुआ था।

**केस 2**

22 जनवरी को रायगढ़ वन मंडल अंतर्गत घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के पानी खेत गांव में स्टाप डेम में एक हाथी शावक का शव मिला। बताया जा रहा है कि हाथी डेम में दलदल में फंस गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर वन अमले द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए शव का अंतिम संस्कार कराया गया था।

**केस 3**

18 मार्च को धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले कीदा बीट के जामपाली तालाब में हाथी शावक का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों ने बताया था कि हाथी शावक रात में अपने दल के साथ पानी पीने राजस्व विभाग की जमीन में बने तालाब में आया था और गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी।

**केस 4**

13 मई को घरघोड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कटंगडीह जंगल के 1271 आरएफ खोखरोआमा स्थित तालाब में एक हाथी शावक की पानी में लाश देखी गई थी। उस वक्त यह जानकारी सामने आई थी कि पानी पीने के चक्कर में एक शावक पानी के भीतर घुस गया और दलदल में फंस कर पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी।

**केस 5**

26 मई को घरघोड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पाकादरहा के आरएफ 1269 चितवाही के जंगल में एक हाथी के शावक का शव पानी में मिला था। दल के साथ विचरण कर रहा 6 माह का शावक दल के साथ नहाने के लिए तालाब की गहराई में चला गया और डूब कर उसकी मौत हो गई थी। इस तरह इस साल 6 शावकों की जान चली गई है।

## कुड़ेकेला के 67 बालिकाओं को मिली साइकिल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत आज विकासखण्ड धरमजयगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेकेला में कक्षा नवमी की 67 बालिकाओं को सायकल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने बालिकाओं को सायकल वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद श्री राठिया ने कहा कि राज्य शासन की यह योजना बालिकाओं के शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सायकल से छात्राओं की विद्यालय तक पहुंच आसान होगी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और अध्ययन में सुधार होगा। सायकल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। सभी बालिकाओं ने सांसद श्री राठिया और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष संजय गुप्ता, डीडीसी श्रीमती रजनी राठिया, बीडीसी श्रीमती रोहिणी पटेल, मंडल अध्यक्ष डोलनारायण पटेल, महामंत्री दिलीप यादव, सरपंच श्रीमती गिजे बाई संतराम राठिया, उपसरपंच अनिल साव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएँ उपस्थित रहे।

# किसी काम का नहीं पुलिस सहायता केन्द्र प्रतीक्षालय में यात्री के बैग से 1 लाख पार

**हर दिन यहां होती है आपराधिक वारदातें, कभी नहीं दिखते पुलिस का कोई जवान**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस की लापवाही का खामियाजा एक यात्री को भुगतना पड़ा है। केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित प्रतीक्षालय में अज्ञात आरोपियों ने यात्री के बैग से नकद 1 लाख सहित अन्य सामानों को पार कर दिया। जबकि यहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस सहायता केन्द्र बनाया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां बनाए गए पुलिस सहायता केंद्र कोई काम का नहीं है। हर दिन शहर के सबसे बड़े बस स्टैंड में आपराधिक वारदातें होने के बावजूद यहां कभी कोई जवान नजर नहीं आते हैं। दरअसल कटाईपाली डी निवासी गजेन्द्र कुमार राठिया ने पुलिस से की गई अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी विजय कुमार राठिया के साथ बिलासपुर न्यायालय गया था। वहां से वह एक्सीडेंट सहायता राशि के रूप में एक लाख रुपए नकद लेकर अपने गांव लौट रहा था। रात में बस नहीं मिलने के कारण दोनों रायगढ़ केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय में ठहरे हुए थे। वहीं बैठे-बैठे दोनों को नींद लग गई। सुबह जब गजेन्द्र की नींद खुली तो उसने देखा कि बैग का चैन खुला हुआ था। अंदर रखे 1 लाख रुपए, दोनों का पर्स और अन्य जरूरी कागजात गायब थे। पर्स में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वोटर आईडी और मोटरसाइकिल के कागजात थे। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### छेड़छाड़ की घटनाएं आम

यहां महिला यात्रियों के साथ भी कई बार छेड़छाड़ की घटना घटित होती है, लेकिन लोकलाज के भय और अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने के भय से वो चुप रह जाती हैं। यहां पुलिस सहायता केन्द्र तो बना दिया गया है, लेकिन सहायता केन्द्र कम फल दुकान ज्यादा नजर आता है। क्योंकि फल दुकानदार इसके गेट में फल का कैरेट सजाता है। यहां कभी भी पुलिस के जवान नजर नहीं आते और न ही यहां लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग होती है। इसी का खामियाजा इन युवकों को भुगतना पड़ा है।

### कई बार हो चुकी है मामले की शिकायत

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हर रात बस स्टैंड परिसर में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आकर हुड़दंग मचाते हैं। बाहरी यात्रियों से लूटपाट, मारपीट करना आम बात हो गई है।

# सिगरेट चोरी की सजा : नाबालिग की तोड़ी नाक , खंभे से बांधकर बेल्ट से पीटा

**रायगढ़।** चाय दुकान से चोरी करने की बात पर 15 वर्षीय बालक को बदमाशों ने पहले मुक्के से मारा, उसकी नाक फोड़ी। फिर बेस बाल के बेट से पिटाई की । इसके बादविद्युत खंभे पर बांधकर बेल्ट से काफी देर तक पिटाई करते रहे। क्षेत्र में दहशत बनाने के लिए इस घटना का वीडियो आरोपियों के साथियों ने ही बनाया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही शहर में उबाल मच गया और कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल 15 वर्षीय नाबालिग बालक कोतरारोड में रहता है। सोमवार की सुबह 4 बजे नाबालिग प्रकाश नेताम निवासी राजीवनगर के पान ठेला से गोली, बिस्किट व सिगरेट की चोरी कर रहा था। प्रकाश नेताम और उसके भाई दीपक नेताम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद दोनों उसे एक कमरे में ले गए। जहां पहले नाबालिग बालक पर थप्पड़ों की बरसात की गई, इसके बाद मारपीट का वीडियो बनाया गया। इसमें साफ दिख रहा है कि एक आरोपी हाथ में बेस बाल का बेट लिए उससे कुछ पूछता है और अचानक उसके नाक पर मुक्का जड़ देता है। जिससे बच्चे के नाक से खून की धारा बहने लगती है। इसके बाद उसे एक विद्युत पोल में बांध कर बेल्ट से इतना मारा जाता है जब तक कि मारने वाला थक न जाए। इससे बच्चा अधमरा हो जाता है। इस घटना का वीडियो आरोपियों द्वारा ही बनाया गया और वायरल किया गया।



**बेरहम बदमाशों का बनाया वीडियो हुआ वायरल तो सोशल मीडिया में मचा उबाल, दो गिरफ्तार**

### माफी मांगता रह गया बालक

वीडियो वायरल होने के साथ ही लोगों में गुस्सा देखा गया। इधर वीडियो कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि मारपीट करने वाले बच्चे से चोरी के बारे में पूछताछ करते हुए मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है बालक बार बार हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आ रहा है, लेकिन उसकी पिटाई करने वालों ने उस पर जरा भी रहम की। अब पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 554/2025 धारा 296, 115(2), 351(2), 127(2), 3(5) बीएनएस, बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 74, 75 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपी प्रकाश नेताम (25) और दीपक सिंह नेताम (32) निवासी राजीव नगर गली नंबर रायगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति अनिवार्य

**रायगढ़।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर.शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो, जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है वहां अधिनियम के धारा 04 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो अध्यक्ष होगी, कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रहने वाली 02 सदस्य व गैर शासकीय संगठनए संघ से 01 सदस्य होगेंए आधे से अधिक महिलाएं सदस्य हो सकती है। समिति का कार्यकाल 03 वर्ष का होगा। समिति का गठन नही होने पर अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार रुपए का जुर्माने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 22553-2023 में नियमित सुनवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा इस पर सभी कार्यालय व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां समिति का गठन अनिवार्य है।

# रायगढ़ में भी एसआरआई की तैयारी, जिले में 12 स्थानों पर किया गया हेल्प डेस्क स्थापित

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इस अभियान के दौरान मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के 12 स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ये हेल्प डेस्क जिला निर्वाचन कार्यालय नगर निगम कार्यालय तथा सभी 10 तहसील मुख्यालयों में संचालित होंगे। इन केंद्रों पर मतदाता नामावली से संबंधित जानकारी, नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन या पता परिवर्तन जैसी सभी प्रकार की सहायता नागरिकों को सहज रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेल्प डेस्क लैलूंगा, मुकडेगा, तमनार, रायगढ़, पुसौर, खरसिया, धरमजयगढ़, छाल, घरघोड़ा और कापू तहसीलों सहित नगर निगम कार्यालय में स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों के मतदाताओं के लिए भी यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इन हेल्प डेस्कों के माध्यम से पात्र नागरिक अपने नाम की प्रविष्टि की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवश्यक सुधार के लिए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## कृषि विभाग शासन को दे रहा निरंक जानकारी, इधर कई एकड़ खेतों में गिरा धान

# चक्रवाती तूफान की वजह से चल रही हवाएं, खेतों में सपाट हो गए धान के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मोंथा तूफान की वजह से यहां बीते दो दिनों से बारिश के साथ काफी तेज हवाएं चल रही है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान धान फसल को हुआ है। रायगढ़ जिले और पड़ोसी जिले सारंगढ़ के कई गांवों में खेतों का धान पूरी तरह से सपाट सो गया है। जहां पानी भरा है वह धान तो पूरी तरह से सड़ जाएगा, लेकिन यदि खेत सूखा है तो कुछ राहत किसानों को मिल सकती है।

खास बात यह है कि इसकी जानकारी कृषि विभाग को नहीं है। इसके कारण शासन द्वारा मांगी गई जानकारी निरंक भेज दी गई है। ऐसे में यदि किसानों को नुकसान होगा तो उसकी क्षतिपूर्ति राशि भी नहीं मिलेगी। कारण यहां से जानकारी निरंक याने कोई नुकसानी नहीं भेजी गई है। दो दिनों से जिले में चक्रवाती तूफान मोंथा असर देखने को मिल रहा है। रुक-रुककर जहां बारिश हो रही है। वहीं दिन भर तेज हवाएं भी चल रही है। इसका असर सीधे धान की फसल पर पड़ा है। अभी के हालात में किसी खेत का धान पक चुका है तो किसी खेत के धान में केवल कच्ची बालियां ही नजर आ रही है। पके और कच्चे दोनो धान के पौधे गिर गए हैं। इसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी ही नहीं है। विभाग के फील्ड में काम करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने कोई जानकारी ही नहीं भेजी है। इसके कारण विभाग की ओर से शासन को शून्य नुकसान की जानकारी भेज दी है। याने विभाग के फील्ड के अधिकारियों को ऐसी कोई जानकारी ही नहीं है।



### कई एकड़ खेत में लगे धान फसल गिरा

बरमकेला ब्लॉक के रंगाडीह निवासी किसान संजय चौधरी ने बताया कि तूफान का धान की फसल पर काफी असर पड़ा है। कई एकड़ खतों में लगे धान फसल पूरी तरह से गिर गया है। यदि खेत में पानी भरा है तो धान पूरी तरह से सड़ जाएगा। खेत सूखा है तो कुछ बच सकता है। गिरे धान को लेकर किसान परेशान हैं। जानकारी के अनुसार इसका सर्वे होगा। चूंकि इस तूफान का असर पूरे छत्तीसगढ़ में पड़ा है। ऐसे में खेतों में लगी धान फसल नुकसान होने का अंदेशा सरकार को भी है। जानकारी मिली है कि राजस्व विभाग इसका सर्वे कराएगा।

## खबर संक्षेप

### अब पेंशनर घर बैठे ही प्रस्तुत कर सकते हैं जीवन प्रमाण-पत्र

**जशपुरनगर।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर ने पेंशनरों के जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया को सरल करते हुए ''डिजीटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0'' लागू किया है। पेंशनर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र हेतु अपने एन्ड्राइड फोन में "आधार फेस आरडी (प्रारंभिक एक्सेस) एप्लीकेशन" और ''जीवन प्रमाण फेस ऐप एप्लीकेशन के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण-पत्र जारी कर सकते हैं। यह फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है। इसकी सहायता से पेंशनर, बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल फोन अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** धान की फसल देकर बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार झिलमिल भैयाथान अंतर्गत ग्राम रजबहरा निवासी मंगल साय आ. स्व. हरि प्रसाद (44 वर्ष) सोमवार को बाइक से खेत में लगी धान की फसल को देखने गया था। फसल को देखने के पश्चात वापस घर लौटने लगा तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चोरों ने घर से पार किया नकदी सहित सामान

**अम्बिकापुर।** साड़बार बेरियर के समीप चोरों ने एक घर में धावा बोलकर नगदी समेत 15 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। बिलासपुर रोड साडबार बेरियर निवासी रविशंकर गुप्ता आ. सुरेश कुमार गुप्ता (30 वर्ष) ने मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीती रात घर के सामने गुमटी में गया था जबकि परिजन घर में सो रहे थे। कुछ समय बाद घर गया तो देखा अलमारी खुला व सामान बिखरे हुए थे। अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 10 हजार रुपए के अलावा अन्य सामान गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### राशन वितरण नहीं करने पर ग्रामीणों ने की शिकायत

**कुसमी।** ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने राशन वितरण नहीं किए जाने की शिकायत एसडीएम से की। जिस पर एसडीएम ने राशन दुकान संचालक को राशन वितरण करने के निर्देश दिए। विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया के पास राशन नहीं वितरण करने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम करुण डहरिया ने ग्राम पंचायत मोती नगर के सरपंच सहित राशन वितरण करने वाले संचालक को बुलाया और राशन वितरण नहीं करने का कारण पूछा। संचालक ने बताया कि राशन वितरण मशीन के सही तरीके से नहीं चलने के कारण राशन वितरण नहीं किया जा पा रहा है। एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक को निर्देश देते हुए उक्त दुकान की जांच कर तत्काल ग्रामीणों को राशन वितरण करने का निर्देश दिए। एसडीएम करुण डहरिया द्वारा की गई त्वरित पहल पर ग्रामीण आश्वस्त होकर अपने घर वापस लौट गए।

## सूचना के दो घंटे में जशपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# घर से लापता युवती को सकुशल ढूंढ निकाला नारायणपुर पुलिस की तत्परता बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी तेज़ी और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया है। थाना नारायणपुर क्षेत्र की एक 20 वर्षीय युवती के गुम होने की सूचना पर पुलिस ने सिर्फ़ दो घंटे में युवती को सकुशल ढूंढ निकाला। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ने 28 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी 26 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। रात साढ़े सात बजे उसने किसी दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से कॉल कर बताया कि वह काम की तलाश में मुंबई जा रही है और उसे खोजने की जरूरत नहीं है। इसके बाद से उसका फोन बंद हो गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और सहेलियों से पूछताछ की पर युवती का कोई सुराग नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार कश्यप ने तत्परता दिखाते हुए युवती की गुमशुदगी दर्ज कर, टेक्निकल टीम की मदद से मोबाइल सर्विलांस पर लगाया। कुछ ही देर में पता चला कि युवती ग्राम कलिया सिहारडांड क्षेत्र में देखी गई है। पुलिस टीम ने परिजनों के सहयोग से मौके पर पहुंचकर युवती को सिहरडांड रोड पर चलते हुए सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह काम की तलाश में मुंबई जाने के इरादे से घर से निकली थी और दो दिनों तक अपनी एक सहेली के घर में रही। उसने यह भी स्पष्ट किया कि उसके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द कर राहत दी। इस कार्रवाई में आरक्षक अविनाश सोनी व अवीज खलखो का भी योगदान रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि नारायणपुर पुलिस ने प्रोफेशनल अंदाज़ में काम करते हुए मात्र दो घंटे में गुम हुई युवती को सकुशल ढूंढ निकालने में सफलता पाई है। यह पुलिस की सजगता और संवेदनशीलता का प्रमाण है।

## राज्योत्सव 2 से, लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव मनाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी होंगे मुख्य अतिथि
- सीईओ ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

सीईओ ने कहा कि जिले में रणजीता स्टेडियम में राज्योत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहेंगे। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित शासकीय योजनाओं और विकास से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जानी है। इसके लिए सभी विभाग प्रमुखों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को कलाकारों का चयन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच पंडाल एवं स्टॉल निर्माण की संपूर्ण व्यवस्था करने को कहा है। इसी प्रकार कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बांस बल्ली, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, माइक साउंड सिस्टम की व्यवस्था, लोक कला नृत्य व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, कार्यक्रम स्थल पर पानी टैंकर, चलित सुलभ शौचालय, साफ सफाई की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक चिकित्सा व इंटरनेट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।



### शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय भवनों में 1 से 5 नवंबर तक रोशनी की जाएगी। कलेक्टर रोहित व्यास ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालयों में स्थित सभी शासकीय भवनों पर 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम को प्रदर्शित करते हुए रोशनी करने के लिए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया है। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर श्री व्यास ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे हैं। जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## पैरा दिव्यांग तैराकी में खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 2 सिल्वर मैडल किए हासिल

**जशपुरनगर।** बिलासपुर में मंगलवार को आयोजित 12 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड एवं दो सिल्वर मैडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में तैराक सतेंद्र राम ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और तीन गोल्ड मैडल हासिल किए। वहीं गोस्वामी पैकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो सिल्वर मैडल प्राप्त किए। सतेंद्र राम हैदराबाद में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन के लिए 4 लाख स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम तोरा निवासी स्व. भुटकुल का कुंए में डूबने से 17 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी रूखमणी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने गृह ग्राम बगिया में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान, छात्र और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

- आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के दिए निर्देश



मुख्यमंत्री ने सभी की बातों को सुन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाएं जनता की सुविधा और विकास के लिए हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दें ताकि आमजन को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास भी मौजूद रहे। जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कुछ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संबंधित विभागों को जनहित के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन जनता के साथ है और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।



## अब प्रयास फाउंडेशन के नाम से जाना जाएगा केसला पाठ फाउंडेशन

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत तमता में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय केसला पाठ फाउंडेशन का नाम बदलकर अब प्रयास फाउंडेशन कर दिया गया है। मंगलवार को आयोजित बैठक में संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष शशि यादव ने बताया कि यह संस्था पिछले एक साल से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नाम बदलना नहीं, बल्कि सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करना है। अब प्रयास फाउंडेशन के रूप में संस्था समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाने का प्रयास करेगी। आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत कार्यों पर विशेष फोकस किया जाएगा।बैठक में मनीष शर्मा, अंकित नंदे, नारायण यादव, जगदीश यादव, शैलेश शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

## अंधे कत्ल के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अंधे कत्ल के आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। डॉग स्क्वाड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार।

ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने 3 जनवरी 2024 को थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि सुनील देवांगन 2 जनवरी की शाम 7 बजे घुमने निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। सुबह 8 बजे करीब विजय शौच करने सोहन के खेत तरफ गया था तो देखा कि खेत में एक व्यक्ति शव पड़ा देख घटना की सूचना सरपंच पति को दिया। शव का पहचान सुनील देवांगन के रूप में हुआ मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना सूरजपुर में अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना निरीक्षक थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना दौरान मौके पर डॉग स्क्वाड की सहायता लेने पर डॉग मास्टर द्वारा मृतक सुनील देवांगन के कमरे में एवं पत्नी लक्ष्मी देवांगन की ओर इंगित करने एवं मुखबीरों ने भी मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवांगन तथा रामकुमार के साथ संबंध होने की सूचना मिली। लक्ष्मी देवांगन से पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार कर बताया कि उसका रामकुमार से संबंध होने एवं इसके बारे में पति सुनील को शक होने पर झगड़ा-विवाद करने पर दोनों ने सुनील को मारने की योजना बनाकर गमछा से सुनील के गले को दबाकर हत्या कर शव को कुछ दूर ले जाकर खेत में लिटा दिया। इसके अलावा प्रकरण में अन्य पुख्ता साक्ष्य संकलित करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण में डॉग क्वार्ड, फारेसिंक एविडेंस, कॉल डिटेल के आधार अपराध सिद्ध होने से आरोपी ग्राम नमदगिरी निवासी रामकुमार केंवट आ. स्व. गोपाल (32 वर्ष) एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील (28 वर्ष) को धारा 302, 34 भादसं. के अपराध हेतु आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 201, 34 भादवि के अपराध हेतु 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

- डॉग स्क्वायड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार

## चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, हल्की वर्षा

**अम्बिकापुर।** चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से मंगलवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी गुरूवार तक तूफान के प्रभावी रहने एवं कहीं-कहीं मध्यम एवं मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान मोंथा का असली रूप समुद्र तट पर टकराने के बाद देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञानी तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद तेज हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तूफान का अधिक प्रभाव दक्षिण एवं मध्य छत्तीसगढ़ पर पड़ेगा साथ ही सरगुजा संभाग में भी इसका कमोवेश प्रभाव देखने को मिलेगा। मंगलवार को सुबह अच्छी धूप निकली। इस दौरान बीच-बीच में हवा के तेज झोंके भी चले। अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी 2.00 मिमी वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं। तेज हवा के कारण बादलों की आवाजाही जारी है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही रात में भी कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मंगलवार को समुद्र तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान 30 अक्टूबर तक प्रभावी रह सकता है। इसके प्रभाव से सरगुजा में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं मध्यम एवं मध्यम से भारी वर्षा होने का अनुमान है।बारिश होने के बाद वातावरण में अब ठंड घुल गई है। हालांकि बादलों की आवाजाही जारी होने एवं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण अभी भी उमस बरकरार है।

## भाई की मौत की सूचना सुनकर जा रहे छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार की रात एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। काम करके घर लौट रहे एक युवक की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर मौत हो गई। इधर बड़े भाई के मौत की सूचना मिलने के बाद स्कूटी से घटना स्थल की ओर जा रहा छोटा भाई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था लेकिन बिलासपुर पहुंचने के बाद उसकी भी मौत हो गई। इधर साथ दो भाइयों की मौत के परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- चठिरमा के समीप खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत, इधर एनएच 130 पर छोटा भाई हुआ हादसे का शिकार

बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड एक ग्राम केवरी निवासी 35 वर्षीय योगेन्द्र पैकरा आ. स्व. अमरेस पैकरा सूरजपुर जिले के जयनगर अंतर्गत लटोरी में रहकर काम करता था। 27 अक्तूबर को योगेन्द्र काम करने के बाद रात 9.30 बजे बाइक से वापस लौट रहा था। इस दौरान गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम चठिरमा के समीप सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से बाइक सवार युवक टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना और युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव को उठवाकर मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त की गई। मृतक की शिनाख्त होने के बाद घटना की सूचना परिजन को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### रास्ते में छोटे भाई की मौत

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक योगेन्द्र पैकरा का छोटा भाई 29 वर्षीय तुसन पैकरा स्कूटी से घटना स्थल आने के लिए निकला था। भाई की मौत से सदमे में संभवतः युवक काफी तेज गति से स्कूटी चला रहा था इस दौरान रास्ते में तुसन भी कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़े बेटे की मौत और छोटे बेटे के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था लेकिन गंभीर रूप से घायल युवक तुसन पैकरा की बिलासपुर पहुंचने से पहले मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक कुल तीन भाई थे जिसमें योगेन्द्र मझला जबकि तुसन सबसे छोटा भाई था। दो भाइयों की मौत से परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## गोबरी नाला पुल के ध्वस्त होने के बाद अब अस्थायी मार्ग ने दी राहगीरों को राहत

**भैयाथान।** गंगोटी बांसापारा से डुमरिया को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित गोबरी नाला पुल के टूटने से महीनों तक आवागमन बाधित रहा जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब अस्थायी डायवर्सन बनने के बाद सुचारू हो गया है। करीब दस दिनों से ग्रामीण बिना लंबा चक्कर लगाए सीधे मार्ग से आवाजाही कर पा रहे हैं।

बारिश में लगातार पानी के तेज बहाव से पुल का अधिकांश हिस्सा ध्वस्त हो गया था, जिससे दर्जनभर से अधिक गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया था। मरीजों, स्कूली बच्चों तथा किसानों को मुख्य मार्ग तक जाने के लिए लगभग 20 किलोमीटर तक की अतिरिक्त दूरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा था। स्थिति यह थी कि गर्भवती और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल हो गया था। भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल व सेतु विभाग की देखरेख से गोबरी नाला के बगल से 10 ह्यूम पाइप लगाकर रेत भरे बोरे के सपोर्ट व ऊपर मुरूम मिट्टी भरकर अस्थायी मार्ग तैयार किया गया है। फिलहाल बाइक, कार व छोटे वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रूप से हो रही है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, परंतु वर्षा में जलस्तर बढ़ने पर यह मार्ग फिर संकट में आ सकता है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण की मांग दोहराई है।

## लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया सड़कों की मरम्मत कार्य

# एनएच व लोनिवि 14 करोड़ रुपए की लागत से कराएंगे पैच वर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर को जर्जर सड़कों से अब मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद शहर के बीच मौजूद लोनिवि और एनएच की सड़कों के पैच रिपेयरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों ही विभागों द्वारा कुल मिलकर लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। इसमें जिले के साथ ही संभागभर में आने वाले वाली एनएच की प्रमुख सड़कें भी शामिल है। इस बीच लोनिवि ने सड़कों के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

**खास बात**

- लम्बी प्रतीक्षा के बाद जर्जर सड़कों का पैच रिपेयरिंग शुरू

सरगुजा में इस बार मानसून में जमकर बारिश हुई। समय से पहले पहुंचे मानसून के कारण सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ और फिर जोरदार बारिश के कारण सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई। वाहनों के आवागमन से सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गड्ढों और कीचड़ युक्त सड़क के कारण लोड आए दिन दुर्घटना के शिकार हुए। इस दौरान लोगों ने शहर में सड़कों के निर्माण को लेकर नाराजगी जाहिर की जबकि विपक्ष ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर के बीच में मौजूद प्रमुख व्यावसायिक मार्गों के साथ ही कई सड़कें एनएच और लोक निर्माण विभाग के अधीन है। ऐसे में इन सड़कों के रख रखाव और मरम्मत का कार्य इन विभागों को ही करना है। जर्जर सड़कों के मरम्मत और पैच रिपेयरिंग के लिए दोनों ही विभागों द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे गये थे। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर सहित जिलेभर की सड़कों के 6 करोड़ रुपए के 6 टेंडर जारी किए थे। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से शहर के ब्रम्ह रोड, गुदरी से प्रतापपुर रोड, खैरबार रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों के पैच रिपेयरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है लोनिवि द्वारा पैच रिपेयरिंग किए जाने से लोगों को राहत मिल सकेगी।



पैच रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया।

### ग्राम दोलंगी में ग्रामीण के घर से 350 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** धान खरीदी शुरू होने के पूर्व ही प्रशासन की संयुक्त टीम गांव-गांव में घूमकर कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के लिए भण्डारित किए गए धान के जब्त करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। धान खरीदी शुरू होने पर प्रशासन की सख्ती बढ़ने की संभावना पर कोचिए अभी से ही बाहर का धान भण्डारण करना प्रारंभ कर दिए है। अवैध धान भण्डारण की सूचना पर राजस्व विभाग टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम दोलंगी निवासी नुरानी अंसारी द्वारा बाहर से लाकर अपने घर में भण्डारित किए गए 350 बोरी धान को जब्त किया है। तहसीलदार आईसी यादव के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।



लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला




# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।' बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट' की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर' का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप



### सावित्रीनगर में हर्सोल्लास से मना छठ महापर्व

**तमनार।** रायगढ़ जिले के केलो वनांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार के केलो नदी तराईमाल, सावित्री नगर मन्दिर व गोढ़ी बंका तालाब में 27 अक्टूबर को छठ महापर्व सामूहिक पूजा हवन कार्यक्रम हजारो श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम हर्षोल्लास से मनाया गया। तराईमाल में भव्य महाआरती में हजारो श्रद्धालु शामिल हुए। छठ पर्व पूरे भारत का ऐसा पर्व है जो वैदिक काल से चला आ रहा है। केलो वनांचल ओद्योगिक क्षेत्र तमनार में बिहार झारखंड प्रान्त के सैकड़ो प्रवासियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाते आ रहे है। सूर्य उपासना का अनुपम लोक पर्व परंपरा निभाते हुए व्रति महिलाओं ने भगवान सूर्य को जल चढ़ाकर उनकी आराधना की और परिवार समाज की सुख शांति समृद्धि की मनोकामना की। सावित्री नगर, गोढ़ी तालाब केलो नदी तराईमाल सहित तमनार तहसील के कई तालाब घाटों पर सामूहिक पूजा कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। ज्ञात हो कि छठ पूजा में महिलाएं अपने सुहाग और संतान की मंगल कामना के लिए 36 घंटों का निर्जला व्रत रखती हैं। छठ पूजा में विधि विधान से पूजा के साथ ही सिंदूर का भी काफी महत्व माना गया है। यही वजह है कि इस दिन महिलाएं लंबा सिंदूर लगाए हुए नजर आती हैं। मान्यता है कि जो भी महिलाएं पूरे नियमों के साथ छठ व्रत को करती हैं, छठी मइया उनके परिवार को सुख और समृद्धि से भर देती है।

### पानपोष हॉकी चौक पर हादसा, बाल-बाल बचे

**राउरकेला।** बुधवार की सुबह दस बजे पानपोष हॉकी चौक पर एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। करीब सुबह दस बजे ओमफेड की एक पिकअप वैन अचानक संतुलन खो बैठी और तेज रफ्तार में बेरिकेटिंग तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के दौरान चौक पर मौजूद लोग बाल बाल बच गए। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और देखते ही देखते भारी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और हालात को नियंत्रित किया। सौभाग्य से इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन वैन को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौक पर वाहनों की रफ्तार अधिक रहती है ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से चौक पर ट्रैफिक नियंत्रण और सख्त निगरानी की मांग की है।

### 2 से 4 नवंबर तक होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव

**सारंगढ़।** राज्योत्सव का आयोजन सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान में 2 नवंबर से 4 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इस मंच में स्वप्रेरणा से निःशुल्क अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाले नृत्य, गायकी आदि के कलाकार या संस्था को सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मंच दिया जाएगा।

# वित्त मंत्री पहुंचे शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने

## नालंदा परिसर में फर्नीचर एवं विद्युत कार्यों को समानांतर करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बातें**
- इतवारी बाजार ऑक्सीजोन में पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने सहित निर्माण कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

वित्त मंत्री ओपी चौधरी मंगलवार को शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और बुनियादी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रायगढ़ को एक नया और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे है। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ को स्वच्छ हरित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए ये सभी परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और प्रशासनिक दक्षता के साथ रायगढ़ आने वाले दिनों में प्रदेश के मॉडल शहरों में अपनी पहचान बनाएगा।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सबसे पहले रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने रामलीला मैदान में चल रहे रिनोवेशन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्यों में अपेक्षाकृत प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके बाद इतवारी बाजार में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन एवं चौपाटी निर्माण का निरीक्षण किया। जहां एंट्री गेट की संख्या बढ़ानेए दो लेयर में चौपाटी निर्माण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ऑक्सीजोन में लगाए जाने वाले पौधों की संख्या, ड्राइंग डिजाइन की जानकारी ली। उन्होंने ऑक्सीजोन में बड़े पौधे लगाने और सभी पौधों के ग्रोथ संबंधित सभी तरह के तकनीकी अपनाते हुए पौधों के देखरेख में विशेष ध्यान देने की बात कही। वित्त मंत्री ने निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। यहां प्रथम फ्लोर की छत ढलाई हो गई है। इस दौरान उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता के साथ अपेक्षाकृत प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने निर्माण कार्य होने के साथ फर्नीचर, विद्युत संबंधित कार्यों को भी पैरेलल करने संबंधित कार्ययोजना अपनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर विद्युत सहित अन्य तकनीकी सामानों के क्रय संबंधित कार्यों को भी शीघ्र करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कयाघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केलो विहार सहित नदी के इस पार के निवासियों के लिए कयाघाट होते हुए उस पार जाने के लिए यह पुल महत्वपूर्ण है। दोनों तरफ के लोगों के आवागमन इससे सुगम होता है। पुल के बेहतर उपयोग से शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को भी कम किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने पुल के हाइट को बढ़ाने और शीघ्र पुल निर्माण संबंधित कार्य को शुरू करने ठेकेदार को निर्देशित किया। साथ ही बैकुण्ठपुर क्षेत्र में नया ऑक्सीजोन विकसित करने के लिए संभावित भूमि का भी निरीक्षण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रगति नगर मरीन ड्राइव, कयाघाट ब्रिज और कबीर चौक में चल रहे ऑक्सीजोन निर्माण कार्यों की स्थिति भी देखी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोतरारोड आरओबी के नीचे और कोसाबाड़ी में प्रस्तावित ऑक्सीजोन कम गार्डन परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया।





### अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बनेगा मल्टी स्टोरी क्वार्टर

वित्त मंत्री ने पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में स्थित रिक्त भूमि का अवलोकन किया और वहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए शासकीय क्वार्टर उपलब्ध कराने मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर की खाली भूमि का मल्टी पर्पस उपयोग सुनिश्चित करते हुए ऐसी योजना तैयार की जाए, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ आवासीय सुविधाओं का भी समुचित विकास हो सके।



# बानो और कनरावा स्टेशन के बीच मालगाड़ी पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



बुधवार सुबह राउरकेला रांची मुख्य रेल मार्ग पर बड़ा हादसा टला। सुबह करीब 10 बजे के आसपास बानो और कनरावा स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 524/34 के पास एक मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई।

इस हादसे में लगभग 10 बोगियां लाइनच्युत हो गईं, जिनमें से कुछ पलट भी गईं। घटना की सूचना मिलते ही हाटिया और बंधमुण्डा रेल मंडल से राहत व तकनीकी दलों को मौके पर भेजा गया। फिलहाल लाइनच्युत होने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है।

### राउरकेला रांची रेल मार्ग पर यातायात ठप

इस हादसे के कारण राउरकेला रांची रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। गोरखपुर से आने वाली मौर्य एक्सप्रेस को कनरावा स्टेशन के पास रोक दिया गया है। राहत दल के मौके पर पहुंचते ही बोगियों को हटाने और ट्रैक बहाल करने का कार्य शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, रांची रेल मंडल के इंजीनियरिंग और ऑपरेशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। सौभाग्य से इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# नगर के मुख्य बाजार में अव्यवस्था, परिसर में कचरे का अंबार, बदबू से परेशानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर पंचायत जहाँ विकास की गाथा गाने में व्यस्त है, वहीं दूसरी ओर बिलाईगढ़ का मुख्य शुक्रवारी बाजार अव्यवस्था और गंदगी की मार झेल रहा है। बाजार परिसर के चारों ओर कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे आमजन और व्यापारी दोनों परेशान हैं। बाजार में मछली-मुर्गा विक्री के लिए निर्मित परिसर उपेक्षा का शिकार है। परिसर में बड़ी बड़ी झाड़ियाँ और घास उग आए हैं, जिसके कारण विक्रेता मजबूरी में खुले आसमान और पेड़ों के नीचे व्यापार करने विवश हैं। इसी प्रकार, सब्जी विक्रेता भी चबूतरे की सफाई न होने के कारण सड़क किनारे पसरा लगाने को मजबूर हैं। इससे न केवल बाजार की सुंदरता बिगड़ रही है, बल्कि आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। बाजार परिसर में लगाए गए स्ट्रीट लाइट भी पिछले दो-तीन महीने से बंद पड़ा है।जिसके कारण शाम होते ही पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा जाता है और व्यवसायियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विक्रेताओं ने नगर पंचायत से शीघ्र ही बाजार परिसर की साफ सफाई कराने समेत स्ट्रीट लाइटों को चालू करने और चबूतरे पर टीन शेड लगाने की मांग की जा रही है।

### बनई में चोरी, नकदी लाखों के गहने पार

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले के बनाई थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बार फिर दुस्साहसिक लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने बाबू नुआगांव के निकट स्थित निकुंज बेहेरा के घर में घुसकर 2 लाख रुपये नकद और लाखों के सोने के गहने चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार को उस समय हुई जब घर के सदस्य बाहर गए हुए थे। चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखी नकदी व गहने उड़ा ले गए। यह घटना उस समय हुई जब रविवार रात बनाई नगर में हथियारबंद डकैती की वारदात से लोग पहले ही सहमे हुए थे, जिसमें डकैतों ने बंदूक की नोक पर 1 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति लूट ली थी। लगातार दो दिनों में हुई डकैती और चोरी की घटनाओं ने बनाई क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग अब अपने घरों की सुरक्षा को लेकर भयभीत हैं और पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की गई।

# महापुरुषों पर अमर्यादित टिप्पणी बिफरा अग्र समाज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

- अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग




समाज के महापुरूषों के विरूद्ध की गयी अमर्यादित एवं आपत्तीजनक टिप्पणी के संबंध में अमित बघेल के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए अग्रवाल समाज के सैकड़ो अग्र बन्धुओं के द्वारा रैली निकालकर खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल को चौकी में ज्ञापन सौपा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

अमित बघेल अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा एक मिडिया बयान में अग्रवाल समाज के पूर्वज, भगवान राम के वंशज एवं जन जन के प्रेरणा स्त्रोत महाराजा अग्रसेन के उपर अमर्यादित व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिसमें महाराजा अग्रसेन के उपर पेशाब करने, मूर्ति तोड़ने व चोरहा लबरा जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है। साथ ही अन्य महापुरूषों पर भी अमर्यादित टिप्पणी की गयी है। जिसमें सम्पूर्ण अग्रवाल समाज के साथ साथ लाखों जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस तरह के भड़काउ बयानों से भविष्य में किसी तरह की अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें जन धन की हानि होने की प्रबल आशंका है। अमित बघेल पर अपराध दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के लिए नगर के सैकड़ो की संख्या में अमित बघेल मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए अग्रवाल समाज के लोग चौकी पहुँचे और ज्ञापन देकर एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अधिवेशन को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की बैठक

**खरसिया।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति खरसिया इकाई की बैठक विश्राम गृह में हुई। बैठक में आगामी 2 नवम्बर को बिलासपुर में आयोजित होने वाले पत्रकार सुरक्षा कानून राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में खरसिया विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में पत्रकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की।

इस दौरान सभी सदस्यों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में शामिल होना आवश्यक है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह अधिवेशन पत्रकारों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जहां देशभर के पत्रकार एक मंच पर आकर पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को सशक्त आवाज देंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि खरसिया इकाई के सभी पत्रकार बिलासपुर जाने के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। साथ ही बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नयना नंद वैष्णव सचिव तारेन डनसेना ने क्षेत्र के अन्य पत्रकार साथियों से भी विशेष रूप से अपील की कि वे 2 नवम्बर को बिलासपुर पहुंचकर इस राष्ट्रीय अधिवेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

## एनटीपीसी लारा में मनाया जा रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**रायगढ़।** कर्मचारियों को देश हित में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए जागरूक करते हुए एनटीपीसी लारा में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी है। इस थीम की तात्पर्य को लोगों में बताने तथा इस पर कार्य करने के लिए लोगो में जनजागरण पैदा करना इसका उद्देश्य है।

इस सप्ताह की शुरुआत एनटीपीसी लारा के मुख्य महाप्रबंधक परियोजना, रविशंकर द्वारा केसीएस रॉय, महाप्रबंधक



प्रचालन एवं प्रबंधनद्ध और हेमंत पावगी, महाप्रबंधक औद्योगिक की उपस्थिति में विभागाध्यक्षगण, कर्मचारियों और यूनियनों व एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सभी ने सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए शपथ लिया। यह सप्ताह संगठन को सतर्क रहने और एक सत्यनिष्ठा संचालित प्रणाली को बनाए रखने तथा सभी स्तरों पर एक पेशेवर और नैतिक संस्कृति को बढ़ावा देने की याद दिलाता है। इस अवसर पर बोलते हुए, शंकर ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के महत्व पर ज़ोर दिया और कर्मचारियों व सहयोगियों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में पारदर्शिता और जवाबदेही को मूल मूल्यों के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन के एक भाग के रूप मेंए सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों, सहयोगियों और आस पास के सरकारी स्कूलों के स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## अग्निकांड में जल गया पूरा सामान, चिंता में परिवार

**राउरकेला।** महानगर निगम क्षेत्र के 20 नंबर वार्ड अंतर्गत मधुसूदनपल्ली इलाके में रहने वाले रविन्द्रनाथ पात्र और उनके परिवार का सर्वस्व एक भयानक अग्निकांड में नष्ट हो गया। रविन्द्रनाथ पात्र एक छापाखाना में कर्मचारी हैं, जबकि उनकी पत्नी आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। मंगलवार शाम जब दोनों घर पर नहीं थे, तभी किसी अज्ञात कारण से अचानक आग लग गई। घर बंद होने के कारण पड़ोसियों ने धुआँ देखकर घटना की सूचना दी। आग इतनी भीषण थी कि घर की लगभग सारी वस्तुएँ, नकदी और कुछ गहने पूरी तरह जलकर राख हो गए। सीमित आय पर गुजर बसर करने वाला पात्र परिवार अब पूरी तरह संकट में और मानसिक रूप से टूट चुका है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल

# स्व सहायता समूह की महिलाएं अब बनेंगी बीमा सखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को एलआईसी बीमा सखी योजना की जानकारी दी गई।

इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को जीवन बीमा निगम से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। बीमा सखी योजना के अंतर्गत तीन वर्ष तक स्टाइपेंडरी स्कीम का प्रावधान रखा गया है। जिसमें पहले साल 7 हजार, दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल 5 हजार प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही आकर्षक कमीशन की भी सुविधा मिलेगी। । तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात पात्र बीमा सखियों को नियमानुसार एजेंसी के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। बीमा सखी बनने के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आयु 18 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है।

कार्यशाला में भारतीय जीवन बीमा निगम के डीओ एबीएम एवं बीमा सखी नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के सातों जनपद पंचायतों से आई लगभग 90 स्व.सहायता समूह की दीदीयों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बिहान योजना प्रभारी महेश पटेल, एलआईसी के डीओ अभिषेक शुक्ला, मनोज पुरी, दीपक कछुवाहा, एबीएम सह नोडल अधिकारी पंकज केशरवानी, डिप्टी मैनेजर राजेश साहू सहित बिहान योजना के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रेक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411